II पा. 2016 GK

परीक्षा दिनांक 1-5-17

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / No. of pages in Booklet 24

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / No. of Questions in Booklet 100

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 4323537

**Subject Code – 0A**

विषय / SUBJECT : **G.K.**

# TS-71

## PAPER-I

**समय : 2.00 घण्टे**
**Time : 2.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. **प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर-पत्रक के पॉलिथीन बैग/सील को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर-पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**
9. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
10. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 **अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
11. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue** ball point pen only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
8. **The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the polythene bag/seal. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**
9. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
10. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
11. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

***Warning :*** *If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**0A**

# GENERAL KNOWLEDGE

1. निम्न में से कौन सी पहाड़ियाँ मध्य अरावली श्रेणी में स्थित हैं ?
   (1) मेरवाड़ा पहाड़ियाँ
   (2) रोजा भाखर पहाड़ियाँ
   (3) इसराना भाखर पहाड़ियाँ
   (4) गिर्वा पहाड़ियाँ

2. राजस्थान में स्थित थार मरुस्थल में कौन सा बालुका स्तूप का प्रकार नहीं है ?
   (1) पैराबोलिक (2) तारा
   (3) बरखान (4) घोराउड

3. लूनी नदी के प्रदूषण का प्रमुख स्रोत क्या है ?
   (1) रंगाई–छपाई उद्योग
   (2) ग्वार–गम उद्योग
   (3) इन्जीनियरिंग उद्योग
   (4) हैन्डी क्राफ्ट उद्योग

4. 'भोराट पठार' जिसके मध्य स्थित है, वह है
   (1) अचलगढ़ एवं तारागढ़
   (2) गोगुन्दा एवं बैराठ
   (3) कुम्भलगढ़ एवं गोगुन्दा
   (4) जरगा एवं अचलगढ़

5. राजस्थान में सर्दी की वर्षा कहलाती है
   (1) काल बैसाखी
   (2) आम्र वर्षा
   (3) मावठ
   (4) नॉर्वेस्टर

6. निम्न में से जिस जिले की सीमा गुजरात से स्पर्श नहीं करती है, वह है :
   (1) प्रतापगढ़ (2) जालोर
   (3) बाड़मेर (4) डूँगरपुर

1. Which of the following hills are situated in Central Aravalli Range ?
   (1) Merwara Hills
   (2) Roja Bhakhar Hills
   (3) Israna Bhakhar Hills
   (4) Girva Hills

2. Which is not a type of sand dune in Thar Desert in Rajasthan ?
   (1) Parabolic (2) Star
   (3) Barkhan (4) 'Ghoroud'

3. What is the main source of pollution in river Luni ?
   (1) Printing and Dying Industry
   (2) Guar-Gum Industry
   (3) Engineering Industry
   (4) Handicraft Industry

4. 'Bhorat Plateau' is located between
   (1) Achalgarh and Taragarh
   (2) Gogunda and Bairath
   (3) Kumbhalgarh and Gogunda
   (4) Jarga and Achalgarh

5. In Rajasthan, winter rain is known as
   (1) Kal Baisakhi
   (2) Mango showers
   (3) Mawat
   (4) Norwester

6. The boundary of which of the following district does not touch Gujarat ?
   (1) Pratapgarh (2) Jalore
   (3) Barmer (4) Dungarpur

7. पश्चिमी राजस्थान में 'पश्चिमी रेतीला मैदान' की पूर्वी सीमा निम्न में से कौन सी समवर्षा रेखा बनाती है ?

(1) 15 सेमी (2) 25 सेमी

(3) 40 सेमी (4) 80 सेमी

8. 'भारत के मरुस्थलीकरण एवं भूअवनयन एटलस (इसरो-2007)' के अनुसार राजस्थान में मरुस्थलीकरण से प्रभावित क्षेत्र है

(1) 70% (2) 67%

(3) 65% (4) 59%

9. राजस्थान में निम्न में से कौन से जिले मुख्यतः बीहड़ प्रभावित हैं ?

(1) कोटा, सवाई माधोपुर, धौलपुर

(2) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, जैसलमेर

(3) भीलवाड़ा, डूँगरपुर, राजसमन्द

(4) अजमेर, भीलवाड़ा, पाली

10. निम्नलिखित में से कौन सा सही युग्म नहीं है ?

| | नदी | | सहायक |
|---|---|---|---|
| (1) | कालीसिंध | – | निवाज |
| (2) | बनास | – | सागी |
| (3) | माही | – | चाप |
| (4) | साबरमती | – | वाकल |

11. निम्नलिखित नदियों में से राजस्थान में कौन सी 'रुन्डित सरिता' कहलाती है ?

(1) वाकल

(2) खारी

(3) बाणगंगा

(4) कोठारी

7. Which one of the following Isohyet is the eastern boundary of 'Western Sandy Plain' in Western Rajasthan ?

(1) 15 cm (2) 25 cm

(3) 40 cm (4) 80 cm

8. According to 'Desertification and Land Degradation Atlas of India (ISRO-2007)' the total area under desertification in Rajasthan is

(1) 70% (2) 67%

(3) 65% (4) 59%

9. Which of the following districts are mostly ravine infested in Rajasthan ?

(1) Kota, Sawai Madhopur, Dholpur

(2) Banswara, Dungarpur, Jaisalmer

(3) Bhilwara, Dungarpur, Rajsamand

(4) Ajmer, Bhilwara, Pali

10. Which one of the following is not a correctly match ?

| | River | | Tributary |
|---|---|---|---|
| (1) | Kali Sindh | – | Niwaj |
| (2) | Banas | – | Sagi |
| (3) | Mahi | – | Chap |
| (4) | Sabarmati | – | Wakal |

11. Which one of the following rivers of Rajasthan is considered as a 'Beheaded Stream' ?

(1) Wakal

(2) Khari

(3) Banganga

(4) Kothari

12. **कथन (A) :** चम्बल नदी राजस्थान की एकमात्र नियतवाही नदी है ।
**कारण (R) :** चम्बल नदी का जल केवल सिंचाई के उपयोग में लिया जाता है ।
(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(3) (A) सही है, (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, (R) सही है ।

13. निम्न में से राजस्थान में कौन सा क्षेत्र बालुका स्तूप मुक्त है ?
(1) शेरगढ़ – शिव
(2) ओसियाँ – शेरगढ़
(3) बायतू – चोहटन
(4) फलौदी – पोकरण

14. निम्न में से राजस्थान के किस जिले में "बांका पट्टी" पेटी फैली हुई है ?
(1) भीलवाड़ा (2) नागौर
(3) चुरू (4) सीकर

15. आहड़ के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन असत्य है ?
(1) आहड़ के उत्खनन से मानव जीवन के विभिन्न चरणों पर प्रकाश पड़ता है ।
(2) आवासीय भवनों की नींव ईंटों की होती थी ।
(3) मिट्टी अथवा कच्ची ईंटों से निर्मित भवन अब उपलब्ध नहीं हैं ।
(4) आहड़वासी दीवारों एवं नींवों को मजबूत एवं सौन्दर्ययुक्त बनाने हेतु मिट्टी में क्वाट्ज के टुकड़े एवं चिप्स के सम्मिश्रण का प्रयोग करते थे ।

12. **Assertion (A) :** The Chambal is the only perennial river in Rajasthan.
**Reason (R) :** The water of Chambal is used only for irrigation.
(1) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, (R) is false.
(4) (A) is false, (R) is true.

13. Which of the following is a sand-dune free tract region of Rajasthan ?
(1) Shergarh – Shiv
(2) Osian – Shergarh
(3) Bayatu – Chohatan
(4) Phalodi – Pokaran

14. In which of the following district of Rajasthan, "Banka Patti" belt is spreading ?
(1) Bhilwara (2) Nagaur
(3) Churu (4) Sikar

15. Which of the following statements about Ahar is not correct ?
(1) Excavation of Ahar has thrown light on various phases of human life.
(2) Houses were built on brick foundations.
(3) The super-structures of either clay or mud bricks have all gone.
(4) Aharians mixed quartz nodules and chips in clay to strengthen and beautify the walls and foundations.

16. बैराठ (विराटनगर) में प्रथम उत्खनन किसके नेतृत्व में किया गया था ?

(1) दयाराम साहनी
(2) डॉ. एन.आर. बनर्जी
(3) डी.आर. भण्डारकर
(4) आर.सी. अग्रवाल

17. निम्नांकित में से किस विदेशी यात्री ने गुर्जर-प्रतिहार राजवंश की सैन्य शक्ति एवं समृद्धि का उल्लेख किया है ?

(1) मार्को पोलो
(2) सुलेमान
(3) अल बिरुनी
(4) अब्दुल रज्ज़ाक

18. अर्णोराज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. अपने राजकाल के प्रारंभ में उसने एक गजनवी आक्रमण को खदेड़ दिया ।
II. वह मालवा के नरवर्मन को पराजित करने में असफल रहा ।
III. उसने चालुक्य नरेश जयसिंह सिद्धराज की पुत्री से विवाह किया ।
IV. वह अपने ही पुत्र के द्वारा मारा गया ।

अर्णोराज के बारे में उपर्युक्त में से कौन से कथन सत्य हैं ?

**कूट :**

(1) I एवं IV
(2) I एवं III
(3) I, II एवं III
(4) I, III एवं IV

16. The excavation at Bairath (Viratnagar) was first done under whose leadership ?

(1) Daya Ram Sahani
(2) Dr. N.R. Banerjee
(3) D.R. Bhandarkar
(4) R.C. Agrawal

17. Which of the following foreign travellers mentioned the military power and prosperity of Gurjar-Pratihar dynasty ?

(1) Marco Polo
(2) Sulaiman
(3) Al Beruni
(4) Abdul Razzak

18. Consider the following statements about Arnoraj :

I. Early in his reign he beat off an attack of the Ghaznavides.
II. He failed to defeat Narvarman of Malwa.
III. He got married to the daughter of Chalukya ruler Jaisingh Siddharaja.
IV. He was killed by his own son.

Which of the above statements are correct about Arnoraj ?

**Codes :**

(1) I & IV
(2) I & III
(3) I, II & III
(4) I, III & IV

19. रणथम्भौर की विजय के उपरान्त अलाउद्दीन खिलजी ने इस दुर्ग को किसके अधिकार में सौंपा था ?

(1) उलुग खान (2) नुसरत खान

(3) अक़ात खान (4) उमर खान

20. निम्नलिखित में से किस रचना में अमीर खुसरो ने चित्तौड़ पर अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण का वर्णन किया है ?

(1) खाजाइन-उल-फुतुह

(2) नूह-ए-सिपेहर

(3) तुग़लकनामा

(4) मिफ्ता-उल-फुतूह

21. किस राजपूत सरदार ने खानवा के युद्ध में राणा सांगा के घायल हो जाने के बाद उनका राज-चिह्न धारण करके युद्ध जारी रखा था ?

(1) जयमल

(2) झाला अज्जा

(3) राम सहाय तँवर

(4) दुर्गादास

22. निम्नलिखित में से कौन से राजपूत सरदार हल्दीघाटी के युद्ध में राणा प्रताप के पक्ष में लड़े थे ?

(i) रामसिंह तँवर (राम साहा)

(ii) बीदा झाला

(iii) रावत कृष्णदास चुण्डावत

(iv) अशोक परमार

नीचे दिये गये कूटों के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(1) (i) एवं (iii)

(2) (ii) एवं (iv)

(3) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

(4) (i), (ii) एवं (iii)

19. After the conquest of Ranathambhor whom did Ala-ud-din Khalji entrusted the charge of the fort ?

(1) Ulugh Khan

(2) Nusrat Khan

(3) Aqat Khan

(4) Umar Khan

20. In which of the following works of Amir Khusrau has described the invasion of Chittor by Alauddin Khilji ?

(1) Khazain-ul-Futuh

(2) Nuh-i-Sipehr

(3) Tughlaq nama

(4) Mifta-ul-Futuh

21. Which of the following Rajput Sardar put on Royal insignia of Rana Sanga after the later was gravely injured, and continued the battle ?

(1) Jaimal

(2) Jhala Ajja

(3) Ramsahai Tanwar

(4) Durgadas

22. Who among the following Rajput Sardars fought on the side of Maharana Pratap in the battle of Haldighati ?

(i) Ram Singh Tanwar (Ram Saha)

(ii) Bida Jhala

(iii) Rawat Krishnadas Chundawat

(iv) Ashok Parmar

Choose the correct answer using the codes given below :

**Codes :**

(1) (i) and (iii)

(2) (ii) and (iv)

(3) (i), (ii), (iii) and (iv)

(4) (i), (ii) and (iii)

23. निम्नलिखित में से किस राजपूत शासक ने 'विजय कटकातु' की उपाधि धारण की थी ?

(1) महाराजा जसवन्तसिंह
(2) महाराणा कुम्भा
(3) महाराणा सांगा
(4) महाराणा राजसिंह

24. पंडित नैनूराम शर्मा किस प्रजा मण्डल से संबंधित थे ?

(1) अलवर (2) मारवाड़
(3) सिरोही (4) कोटा

25. सम्प सभा की स्थापना किसने की ?

(1) माणिक्यलाल वर्मा
(2) जयनारायण व्यास
(3) बलवंतसिंह मेहता
(4) गोविन्द गिरी

26. निम्नलिखित में से कौन सा समाचार-पत्र 1920 में विजयसिंह पथिक ने वर्धा से प्रकाशित किया था ?

(1) नवीन राजस्थान
(2) तरुण राजस्थान
(3) राजस्थान केसरी
(4) नवजीवन

27. निम्नलिखित में से डूँगरपुर राज्य प्रजा मण्डल के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(1) गौरी शंकर उपाध्याय
(2) ठक्कर बप्पा
(3) भोगीलाल पंड्या
(4) माणिक्यलाल वर्मा

23. Who among the following Rajput rulers assumed the title of 'Vijay Katkatu' ?

(1) Maharaja Jaswant Singh
(2) Maharana Kumbha
(3) Maharana Sanga
(4) Maharana Raj Singh

24. With which Praja Mandal, Pt. Nainuram was associated ?

(1) Alwar (2) Marwar
(3) Sirohi (4) Kota

25. Who founded "Samp Sabha" ?

(1) Manikyalal Verma
(2) Jainarayan Vyas
(3) Balwant Singh Mehta
(4) Govind Giri

26. In 1920 which of the following News paper was published by Vijay Singh Pathik from Wardha ?

(1) Naveen Rajasthan
(2) Tarun Rajasthan
(3) Rajasthan Kesari
(4) Navjivan

27. Which of the following was the first President of the Dungarpur Rajya Praja Mandal ?

(1) Gauri Shankar Upadhyaya
(2) Thakkar Bappa
(3) Bhogi Lal Pandya
(4) Manikya Lal Verma

28. शंकर राव देव समिति का गठन धौलपुर एवं भरतपुर राज्यों की जनता की इस बात के लिए राय जानने के लिये किया गया था कि – वे राजस्थान अथवा उत्तर प्रदेश किसमें मिलना चाहते हैं ?

इस समिति में अध्यक्ष सहित कितने सदस्य थे ?

(1) चार (2) तीन
(3) दो (4) पाँच

29. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| | लोक देवता | | मुख्य स्थल |
|---|---|---|---|
| (1) | गोगाजी | – | गोगामेडी |
| (2) | मल्लिनाथ | – | पिचियाक |
| (3) | पाबूजी | – | कोलू |
| (4) | तेजाजी | – | परवतसर |

30. संत मावजी का संबंध है

(1) डूँगरपुर
(2) जोधपुर
(3) बीकानेर
(4) अलवर

31. निम्न में से कौन विश्नोई सम्प्रदाय का संस्थापक था ?

(1) हरभूजी (2) पाबूजी
(3) जाम्भोजी (4) गोगाजी

32. किराडू का सोमेश्वर मंदिर और आभानेरी का हर्षत-माता मंदिर निम्नलिखित में से कौन सी स्थापत्य शैली में बने हैं ?

(1) गुप्त
(2) गुर्जर-प्रतिहार
(3) मौर्य
(4) द्रविड़

28. Shankar Rao Dev Committee was constituted to ascertain the opinion of the people of Dholpur and Bharatpur about which province-Rajasthan or Uttar Pradesh – they would like to merge in.

How many members were there in committee including chairman ?

(1) Four (2) Three
(3) Two (4) Five

29. Which of the following is not correctly matched ?

| | **Folk Deity** | | **Main centre** |
|---|---|---|---|
| (1) | Gogaji | – | Gogamedi |
| (2) | Mallinath | – | Pichiyak |
| (3) | Pabuji | – | Kolu |
| (4) | Tejaji | – | Paravatsar |

30. Saint Mavaji is related to

(1) Dungarpur
(2) Jodhpur
(3) Bikaner
(4) Alwar

31. Who among the following was the founder of Vishnoi Sect ?

(1) Harbhuji (2) Pabuji
(3) Jambhoji (4) Gogaji

32. Someshwar temple at Kiradu and Harshat-mata temple at Abhaneri are built in which of the following architectural styles ?

(1) Gupta
(2) Gurjar-Pratihara
(3) Maurya
(4) Dravid

33. निम्नांकित में से किस दुर्ग को यूनेस्को ने विरासत दुर्ग घोषित नहीं किया है ?

(1) जैसलमेर

(2) आमेर

(3) मांडलगढ़

(4) गागरोन

34. गोपाल, उदय, हुकमा, जीवन चित्रकला की किस शैली से सम्बन्धित थे ?

(1) आमेर–जयपुर शैली

(2) बीकानेर शैली

(3) जोधपुर शैली

(4) मेवाड़ शैली

35. राजस्थान का प्रसिद्ध बेणेश्वर मेला किस माह में भरता है ?

(1) पौष

(2) आषाढ़

(3) फाल्गुन

(4) माघ

36. जयपुर में तीज की सवारी किस माह में निकाली जाती है ?

(1) श्रावण

(2) बैसाख

(3) चैत्र

(4) भाद्रपद/भादौं

33. Which of the following forts is not declared as heritage fort by UNESCO ?

(1) Jaisalmer

(2) Amber

(3) Mandalgarh

(4) Gagron

34. Gopal, Udai, Hukma, Jiwan were associated with which school of painting ?

(1) Amber-Jaipur School

(2) Bikaner School

(3) Jodhpur School

(4) Mewar School

35. In which month Rajasthan's famous the Beneshwar Fair is held ?

(1) Paush

(2) Ashad

(3) Falguna

(4) Magha

36. In which month is the procession of Teej taken out in Jaipur ?

(1) Shravan

(2) Baisakh

(3) Chaitra

(4) Bhadrapad/Bhadon

37. लांगुरिया नृत्य होते हैं

(1) श्रीनाथजी के मन्दिर में

(2) कैला देवी के मन्दिर में

(3) खाटू श्यामजी के मन्दिर में

(4) जीणमाता के मन्दिर में

38. निम्न में किस राजपूत शासक द्वारा 'नेह तरंग' रचित है ?

(1) राजा सावन्तसिंह (नागरीदास)

(2) महाराजा जसवन्तसिंह

(3) महाराजा रायसिंह

(4) राव बुद्धसिंह

39. दक्षिण राजस्थान की भील जनजाति का निम्नलिखित में से कौन सा नृत्य नाट्य रूप में किया जाता है ?

(1) गैर (2) घूमर

(3) गवरी (4) गरबा

40. राजस्थान मानव अधिकार आयोग अस्तित्व में आया

(1) 2 अक्टूबर, 1990 को

(2) 18 जनवरी, 1999 को

(3) 26 जनवरी, 1995 को

(4) 10 दिसम्बर, 1998 को

37. Languria dance are performed at

(1) Srinathji Temple

(2) Kaila Devi Temple

(3) Khatu-Shyamji Temple

(4) Jeenmata Temple

38. Who among the following Rajput rulers authored 'Neh Tarang' ?

(1) Raja Sawant Singh (Nagaridas)

(2) Maharaja Jaswant Singh

(3) Maharaja Rai Singh

(4) Rao Buddh Singh

39. The famous dance of the Bhils of the Southern Rajasthan performed in the form of a drama ?

(1) Gair (2) Ghumar

(3) Gavari (4) Garba

40. Rajasthan Human Rights Commission came into being

(1) on 2nd October, 1990

(2) on 18th January, 1999

(3) on 26th January, 1995

(4) on 10th December, 1998

41. राजस्थान मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल एक समिति की अनुशंसा पर करते हैं, जिसका अध्यक्ष होता है

(1) प्रभारी मंत्री, गृह विभाग
(2) मुख्यमंत्री
(3) विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष
(4) विधानसभा अध्यक्ष

42. राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

a. वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं ।
b. वह राज्य के किसी भी लाभ के पद को धारण कर सकते हैं ।
c. वह इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, राजस्थान राज्य शाखा के अध्यक्ष हैं ।
d. उन्हें संविधान के अन्तर्गत कोई स्व-विवेकीय शक्ति प्राप्त नहीं है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(1) a, b, c और d
(2) b, c और d
(3) केवल c
(4) b और c दोनों

43. राजस्थान सचिवालय पुनर्गठन समिति (1969) के अध्यक्ष थे

(1) बी. मेहता
(2) एस.डी. उज्ज्वल
(3) मोहन मुकर्जी
(4) मंगत राय

41. The Governor appoints the chairperson and other members of Rajasthan Human Rights Commission on the recommendation of a Committee headed by

(1) Minister-in-charge, Department of Home
(2) Chief Minister
(3) Leader of Opposition in the Legislative Assembly
(4) Speaker of the Legislative Assembly

42. Consider the following statements regarding the Governor of Rajasthan :

a. He is the Chancellor of Central University of Rajasthan
b. He can hold any office of the profit in the state.
c. He is the President of Indian Red Cross Society, Rajasthan State Branch
d. He does not have any discretionary power granted under the Constitution.

Which of the following statement(s) given above is/are correct ?

(1) a, b, c & d
(2) b, c & d
(3) c only
(4) both b & c

43. The Chairperson of Rajasthan Secretariat Re-organisation Committee (1969) was

(1) B. Mehta
(2) S.D. Ujjwal
(3) Mohan Mukerji
(4) Mangat Rai

44. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची-I (राज्य सचिवालय में रैंक) | | सूची-II (भूमिका/कार्य) |
|---|---|---|
| a. शासन सचिव | i. | कार्यक्रम क्रियान्वयन |
| b. परियोजना अधिकारी | ii. | नीति-निर्माण |
| c. अनुभाग अधिकारी | iii. | सम्पूर्ण पर्यवेक्षण |
| d. सहायक | iv. | बजट क्रियान्वयन |
| | v. | नैत्यक लिपिकीय कार्य |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | ii | iii |
| (2) | ii | i | iii | v |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | i | iii | iv | v |

45. 1 नवम्बर, 1956 से पहले राजस्थान राज्य के प्रमुख जाने जाते थे

(1) गवर्नर जनरल (2) राज्यपाल

(3) राज प्रमुख (4) महाराजाधिराज

46. राज्य के मुख्य सचिव को "अवशिष्ट वसीयतदार" कहा जाता है, जिसका अर्थ है

(1) वह ऐसे सभी कार्य करता है जो विशिष्ट रूप से किसी सचिव को आवण्टित नहीं किये जाते हैं ।

(2) वह मुख्यमंत्री का मुख्य सलाहकार होता है ।

(3) वह राज्य में सिविल सेवा का प्रधान होता है ।

(4) वह कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य करता है ।

44. Match List – I with List – II and select the correct answer by using the codes given below :

| **List – I (Rank in State Secretariat)** | | **List – II (Role/Function)** |
|---|---|---|
| a. Secretary to Government | i. | Programme implementation |
| b. Project Officer | ii. | Policy-making |
| c. Section officer | iii. | Overall Supervision |
| d. Assistant | iv | Budget implementation |
| | v. | Routine clerical work |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | ii | iii |
| (2) | ii | i | iii | v |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | i | iii | iv | v |

45. The head of the State of Rajasthan prior to 1 November, 1956 was known as

(1) Governor-General

(2) Governor

(3) Raj Pramukh

(4) Maharajadhiraj

46. The Chief Secretary of a State is described as 'Residual Legatee' which means that

(1) He performs all those functions which are not specifically allotted to any other Secretary.

(2) He is the Chief Advisor to Chief Minister.

(3) He is the Head of the Civil Service in the State.

(4) He acts as the Secretary to the Cabinet.

47. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची-I (मुख्यमंत्री का नाम) | | सूची-II (कार्यकाल) |
|---|---|---|
| a. जगन्नाथ पहाड़िया | i. | 1971-1973 |
| b. बरकतुल्लाह खान | ii. | 1977-1980 |
| c. भैरोंसिंह शेखावत | iii. | 1980-1981 |
| d. मोहनलाल सुखाड़िया | iv. | 1954-1957 |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | iv | i | ii | iii |

48. राजस्थान में राज्य प्रशासन के विधितः प्रमुख हैं

(1) राज्य के मुख्यमंत्री

(2) सम्भागीय आयुक्त

(3) राज्य के महाधिवक्ता

(4) राज्य के राज्यपाल

49. राज्य का मुख्य सचिव कार्य करता है

a. कैबिनेट के सचिव के रूप में

b. मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार के रूप में

c. सचिवों के मुखिया के रूप में

d. सिविल सेवा के प्रधान के रूप में

e. राज्य के प्रधान के रूप में

नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिये :

(1) a-b-c-d (2) a-b-d-e

(3) b-d-e (4) b-c-d-e

47. Match List – I with List – II and select the correct answer by using the codes given below :

| **List – I (Name of Chief Minister)** | | **List – II (Tenure)** |
|---|---|---|
| a. Jagannath Pahadia | i. | 1971-1973 |
| b. Barkatullah Khan | ii. | 1977-1980 |
| c. Bhairon Singh Shekhawat | iii. | 1980-1981 |
| d. Mohanlal Sukhadia | iv. | 1954-1957 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | iv | i | ii | iii |

48. The *de jure* head of the State Administration in Rajasthan is

(1) Chief Minister of the State

(2) Divisional Commissioner

(3) Advocate General of the State

(4) Governor of the State

49. The Chief Secretary of a State functions as :

a. Secretary to the Cabinet

b. Chief Advisor to the Chief Minister

c. Chief of the Secretaries

d. Head of the Civil Service

e. Head of the State

Choose the correct answer from the codes given below :

(1) a-b-c-d (2) a-b-d-e

(3) b-d-e (4) b-c-d-e

50. नाभिकीय आपूर्तिकर्ता समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

a. यह भारत के प्रथम नाभिकीय परीक्षण, 1974 की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप स्थापित किया गया ।
b. यह नाभिकीय प्रसार की रोकथाम के लिये उस सामग्री, साजोसामान व तकनीक के निर्यात पर नियंत्रण करता है, जिसका नाभिकीय हथियारों के निर्माण में उपयोग हो सकता हो ।
c. वर्तमान में इसमें केवल 30 सदस्य हैं ।
d. भारत ने जून 2016 में बीजिंग में पूर्ण बैठक में इसका सदस्य बनने का प्रयास किया था ।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

(1) a, b, c और d
(2) b और c दोनों
(3) a और b दोनों
(4) c और d दोनों

51. भारत शासन अधिनियम, 1935 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

a. अधिनियम में 110 धाराएँ और 12 अनुसूचियाँ थीं ।
b. अधिनियम ने ऐसे अखिल भारतीय संघ की स्थापना की व्यवस्था की जिसमें प्रान्त एवं देशी रियासतें इकाइयों के रूप में सम्मिलित थे ।
c. अधिनियम ने केन्द्र एवं इकाइयों के मध्य शक्तियों का विभाजन दो सूचियों– संघीय सूची व प्रान्तीय सूची में किया ।
d. अवशिष्ट शक्तियाँ गवर्नर जनरल को दी गयीं ।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

(1) a, b, c और d
(2) b और d दोनों
(3) b और c
(4) c और d दोनों

50. Consider the following statements about the Nuclear Suppliers Group (NSG) :

a. It was established as a reaction to India's first nuclear test of 1974
b. It seeks to prevent nuclear proliferation by controlling the export of material, equipment and technology that can be used to manufacture nuclear weapons.
c. At present, there are only 30 members.
d. India tried to become its member in June 2016 in Plenary meeting at Beijing.

Which of the statements given above are correct ?

(1) a, b, c & d
(2) both b & c
(3) both a & b
(4) both c & d

51. Consider the following statements about Government of India Act, 1935 :

a. The Act had 110 sections and 12 schedules.
b. The Act provided for the establishment of an All India Federation consisting of provinces and princely states as units.
c. The Act divided powers between the centre and units in terms of two lists-federal list and provincial list.
d. Residuary powers were given to the Governor General.

Which of the statements given above are correct ?

(1) a, b, c and d
(2) both b and d
(3) b and c
(4) both c and d

52. संविधान के किस अनुच्छेद में गौ-वध निषेध राज्य नीति के निदेशक तत्त्व का एक भाग है ?

(1) अनुच्छेद 47

(2) अनुच्छेद 48

(3) अनुच्छेद 48-क

(4) अनुच्छेद 49

53. भारत की विदेश नीति में "पड़ोस पहले" की नीति किसने प्रारम्भ की ?

(1) जवाहरलाल नेहरू

(2) इन्द्रकुमार गुजराल

(3) मनमोहन सिंह

(4) नरेन्द्र मोदी

54. संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में पंचायत से संबंधित है

(1) 18 मद (2) 28 मद

(3) 19 मद (4) 29 मद

55. निम्न में से किस योजना का उद्देश्य लम्बित राजस्व अदालती मामलों को निपटाना है ?

(1) सरकार आपके द्वार

(2) प्रशासन आपके द्वार

(3) न्याय आपके द्वार

(4) पुलिस आपके द्वार

56. भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत राजस्थान में कृष्णा सर्किट के विकास हेतु 98 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पारित किया है । निम्न में से कौन उस परियोजना का हिस्सा नहीं है ?

(1) श्रीनाथ जी (नाथद्वारा)

(2) गोविंद देवजी (जयपुर)

(3) खाटू श्यामजी (सीकर)

(4) रतन बिहारीजी (बीकानेर)

52. Under which Article of the Constitution, prohibition of cow slaughter is a part of Directive Principles of State Policy ?

(1) Article 47

(2) Article 48

(3) Article 48A

(4) Article 49

53. 'Neighbourhood First' policy in India's Foreign Policy is initiated by whom ?

(1) Jawaharlal Nehru

(2) Inder Kumar Gujral

(3) Manmohan Singh

(4) Narendra Modi

54. Eleventh Schedule of the Constitution relating to the Panchayats contains

(1) 18 items (2) 28 items

(3) 19 items (4) 29 items

55. Which of the following schemes aims to dispose off pending revenue court cases ?

(1) Sarkar Aapke Dwar (Government at your doorstep)

(2) Prashashan Aapke Dwar (Administration at your doorstep)

(3) Nyay Aapke Dwar (Justice at your doorstep)

(4) Police Aapke Dwar (Police at your doorstep)

56. Ministry of Tourism, Government of India, has approved projects worth ₹ 98 crores for the development of Krishna circuit in Rajasthan under the Swadesh Darshan Scheme. Which of the following is not part of the project ?

(1) Shrinath Ji (Nathdwara)

(2) Govind Devji (Jaipur)

(3) Khatu Shyam Ji (Sikar)

(4) Ratan Bihari ji (Bikaner)

57. 20-21 अगस्त 2016 को जयपुर में आयोजित ब्रिक्स महिला सांसद सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया ?

(1) सुमित्रा महाजन
(2) वसुंधरा राजे
(3) सुषमा स्वराज
(4) नज़मा हेपतुल्ला

58. राजस्थान से राज्यसभा के पूर्व सांसद वी.पी. सिंह को किस राज्य का राज्यपाल बनाया गया है ?

(1) गोवा (2) नागालैंड
(3) केरल (4) पंजाब

59. 18 जून, 2016 को प्रथम बार महिला लड़ाकू विमान पायलटों को भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया है । इनमें से राजस्थान से कौन है ?

(1) मोहना सिंह
(2) अवनी चतुर्वेदी
(3) भावना कांत
(4) निशा सिंह

60. निम्न में से कौन राजस्थान सरकार में संसदीय सचिव नहीं है ?

(1) सुरेश सिंह रावत
(2) डॉ. विश्वनाथ मेघवाल
(3) लादूराम विश्नोई
(4) डॉ. अनंत कुमार

61. राजस्थान राज्य के 3000 मीटर स्टीपल चेज के ओलम्पियन एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान एथलीट का नाम

(1) श्री श्रीराम सिंह
(2) श्री पोकरमल
(3) श्री गोपाल सैनी
(4) सुश्री परमजीत कौर

57. Who inaugurated the BRICS Women Parliamentarian Forum at Jaipur which was held during 20-21 August 2016 ?

(1) Sumitra Mahajan
(2) Vasundhara Raje
(3) Sushma Swaraj
(4) Najma Heptulla

58. Former Rajya Sabha M.P. from Rajasthan, V.P. Singh, has been appointed Governor of which state ?

(1) Goa (2) Nagaland
(3) Kerala (4) Punjab

59. For the first time, the Indian Air Force inducted women fighter plane pilots on 18th June, 2016, among them, who is from Rajasthan ?

(1) Mohana Singh
(2) Avani Chaturvedi
(3) Bhawana Kanth
(4) Nisha Singh

60. Who among the following is not the Parliamentary Secretary of the Government of Rajasthan ?

(1) Suresh Singh Rawat
(2) Dr. Vishwanath Meghwal
(3) Ladu Ram Vishnoi
(4) Dr. Anant Kumar

61. Name of the Olympian and National record holder athlete from Rajasthan State-in 3000 Mts. Steeple chase is

(1) Sh. Sriram Singh
(2) Sh. Pokar Mal
(3) Sh. Gopal Saini
(4) Ms. Paramjeet Kaur

62. राजस्थान राज्य के किस अन्तर्राष्ट्रीय निशानेबाज को 2016 का अर्जुन पुरस्कार दिया गया ?

(1) कर्नल राज्यवर्धन सिंह
(2) परमजीत सिंह
(3) करणसिंह
(4) अपूर्वी चन्देला

63. अवार्ड, जो कि प्रशिक्षण में उत्कृष्टता हेतु राजस्थान राज्य द्वारा खेल प्रशिक्षक को दिया जाता है

(1) द्रोणाचार्य अवार्ड
(2) गुरु वशिष्ठ अवार्ड
(3) महाराणा प्रताप अवार्ड
(4) अर्जुन अवार्ड

64. 2016 में राजस्थान राज्य के द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त मुक्केबाजी प्रशिक्षक का नाम

(1) मूलसिंह शेखावत
(2) नारायणसिंह
(3) सागरमल धायल
(4) उम्मेदसिंह

65. कृषि वर्ष (2014–15) के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यानों का उत्पादन हुआ

(1) 196.22 लाख टन
(2) 296.22 लाख टन
(3) 156.22 लाख टन
(4) 182.00 लाख टन

62. Arjun Award 2016 has been awarded to which International Shooter from Rajasthan ?

(1) Colonel Rajyavardhan Singh
(2) Paramjeet Singh
(3) Karan Singh
(4) Apurvi Chandela

63. The Award, which is given to a sport coach for excellence in coaching, by the Rajasthan State

(1) Dronacharya Award
(2) Guru Vashistha Award
(3) Maharana Pratap Award
(4) Arjun Award

64. Name of the Boxing coach from Rajasthan State, who has been awarded 'Dronacharya Award' in 2016

(1) Mool Singh Shekhawat
(2) Narayan Singh
(3) Sagar Mal Dhayal
(4) Umed Singh

65. The total food grain production in Rajasthan during agricultural year (2014-15) was

(1) 196.22 lakh tonnes
(2) 296.22 lakh tonnes
(3) 156.22 lakh tonnes
(4) 182.00 lakh tonnes

66. 19वीं पशु गणना के अनुसार, राजस्थान में भेड़ों की संख्या में वर्ष 2007 से 2012 के मध्य कमी हुई है

(1) 21.36 प्रतिशत

(2) 15.86 प्रतिशत

(3) 18.86 प्रतिशत

(4) 23.00 प्रतिशत

67. ऑपरेशन फ्लड (operation flood) का सम्बन्ध है

(1) हरित क्रांति (2) श्वेत क्रांति

(3) नीली क्रांति (4) पीली क्रांति

68. केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड स्थित है

(1) जोधपुर (2) जयपुर

(3) आविकानगर (4) दिल्ली

69. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत वार्षिक वाणिज्यिक / उद्यानिकी फसलों की प्रीमियम दर है

(1) 2.0 प्रतिशत (2) 3.0 प्रतिशत

(3) 5.0 प्रतिशत (4) 7.0 प्रतिशत

70. 12 वर्षीय विद्यार्थी सोहन की बुद्धि-लब्धि 75 है। उसकी मानसिक आयु वर्षों में क्या होगी ?

(1) 8 (2) 9

(3) 10 (4) 12

71. बुद्धि परीक्षण निर्माण के जन्मदाता हैं

(1) फ्रान्सिस गाल्टन

(2) आल्फ्रेड बिने

(3) लेवेटर

(4) विलियम स्टर्न

66. As per 19th Livestock Census, the population of sheep in Rajasthan has decreased during the period 2007-2012 by

(1) 21.36%

(2) 15.86%

(3) 18.86%

(4) 23.00%

67. Operation flood is related to

(1) Green revolution

(2) White revolution

(3) Blue revolution

(4) Yellow revolution

68. Central Wool Development Board is located at

(1) Jodhpur (2) Jaipur

(3) Avikanagar (4) Delhi

69. The premium rate under Pradhan Mantri Crop Insurance Scheme for annual Commercial / horticultural crops is

(1) 2.0 percent (2) 3.0 percent

(3) 5.0 percent (4) 7.0 percent

70. I.Q. of twelve-year student Sohan is 75. What will be his mental age in years ?

(1) 8 (2) 9

(3) 10 (4) 12

71. The father of Intelligence test construction is

(1) Francis Galton

(2) Alfred Binet

(3) Lavator

(4) William Stern

72. "सीखना विकास की प्रक्रिया है", कथन किसके द्वारा कहा गया ?

(1) वुडवर्थ (2) योकम

(3) सिम्पसन (4) डॉ. मैके

73. निम्नलिखित में से कौन S-R अधिगम सिद्धान्त से सम्बद्ध नहीं है ?

(1) थॉर्नडाइक (2) स्किनर

(3) पावलॉव (4) ब्रूनर

74. कौन सा अभिप्रेरणा का घटक नहीं है ?

(1) आवश्यकताएँ

(2) रटन्तस्मृति

(3) अन्तर्नोद

(4) प्रोत्साहन

75. कौन सा व्यक्तिगत भिन्नताओं का कारण नहीं है ?

(1) वंशानुक्रम (2) वातावरण

(3) परिपक्वता (4) निर्देशन

76. अल्बर्ट बन्डूरा द्वारा दिये गये अधिगम सिद्धान्त को ______ से भी जाना जाता है ।

(1) अंतःदृष्टि अधिगम सिद्धान्त

(2) अवलोकनात्मक अधिगम सिद्धान्त

(3) चिह्न अधिगम सिद्धान्त

(4) मौखिक अधिगम सिद्धान्त

77. "शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की वह शाखा है, जो शिक्षण एवं सीखने से सम्बन्धित है ।" यह कथन दिया गया है

(1) वुडवर्थ (2) स्किनर

(3) सिम्पसन (4) पावलॉव

72. "Learning is process of development" stated by whom ?

(1) Woodworth (2) Yokam

(3) Simpson (4) Dr. Mace

73. Who among the following is not associated with S-R learning theory ?

(1) Thorndike (2) Skinner

(3) Pavlov (4) Bruner

74. Which is not the component of motivation ?

(1) Needs

(2) Rote memory

(3) Drives

(4) Incentives

75. Which is not the cause of individual differences ?

(1) Heredity (2) Environment

(3) Maturity (4) Guidance

76. The theory of learning given by Albert Bandura is also known as

(1) Insight learning theory

(2) Observational learning theory

(3) Sign learning theory

(4) Verbal learning theory

77. "Educational Psychology is that branch of Psychology which deals with teaching and learning". This statement is given by

(1) Woodworth (2) Skinner

(3) Simpson (4) Pavlov

78. मनोविज्ञान की निम्न शाखाओं में से अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान कौन सा है ?

(1) असामान्य मनोविज्ञान

(2) प्रयोगात्मक मनोविज्ञान

(3) तुलनात्मक मनोविज्ञान

(4) शिक्षा मनोविज्ञान

79. पहली मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला की स्थापना किसके द्वारा की गई ?

(1) गाल्टन (2) कैटेल

(3) पेस्टालॉजी (4) वुन्ट

80. टोरेन्स के सृजनात्मकता परीक्षण द्वारा किस तत्त्व का मापन नहीं होता है ?

(1) लचीलापन (2) मौलिकता

(3) धाराप्रवाहिता (4) तार्किकता

81. निम्नलिखित में से कौन सा स्प्रेन्जर के द्वारा दिया गया व्यक्तित्व का वर्गीकरण नहीं है ?

(1) सैद्धान्तिक (2) सुडौलकाय

(3) कलात्मक (4) सामाजिक

82. प्रासंगिक अन्तर्बोध परीक्षण किसके द्वारा दिया गया ?

(1) लियोपॉर्ड बैलक

(2) मार्गन एवं मुर्रे

(3) हरमन रोशा

(4) होल्ट्ज़मैन

83. अच्छे समायोजन की विशेषता है

(1) सहनशीलता

(2) आत्मविश्वास में कमी

(3) संवेगात्मक अस्थिरता

(4) अनियमित दिनचर्या

78. Which one from the following is the applied branch of Psychology ?

(1) Abnormal Psychology

(2) Experimental Psychology

(3) Comparative Psychology

(4) Educational Psychology

79. The first Psychological laboratory was established by whom ?

(1) Galton (2) Cattell

(3) Pestalozzi (4) Wundt

80. Which element is not measured by Torrance test of creativity ?

(1) Flexibility (2) Originality

(3) Fluency (4) Reasoning

81. Which is not the classification of personality given by Sprenger ?

(1) Theoretical (2) Athletic

(3) Aesthetic (4) Social

82. Thematic Apperception Test (TAT) is given by whom ?

(1) Leopoled Bellak

(2) Margon and Murrey

(3) Herman Rosha

(4) Holtzman

83. Characteristic of good adjustment is

(1) Tolerance

(2) Lack of Confidence

(3) Emotional unstability

(4) Irregular life habit

84. टरमन के अनुसार अत्युत्कृष्ट रखते हैं
(1) 140 से अधिक बुद्धिलब्धि
(2) 120-125 बुद्धिलब्धि
(3) 110-115 बुद्धिलब्धि
(4) 110 से नीचे बुद्धिलब्धि

85. ब्रिजेज के अनुसार उत्तेजना भाग है
(1) शारीरिक विकास का
(2) मानसिक विकास का
(3) सामाजिक विकास का
(4) संवेगात्मक विकास का

86. बुद्धि का द्विकारक सिद्धान्त किसके द्वारा दिया गया ?
(1) साइमन (2) स्पीयरमैन
(3) गिलफोर्ड (4) टरमन

87. निम्न में से अभिवृत्ति मापन की विधि नहीं है :
(1) लिकर्ट स्केल
(2) ऑस्गुड्स सेमेन्टिक डिफरेन्शियल स्केल
(3) द बोगार्ड्स सोशियल डिस्टेन्स स्केल
(4) इमोशनल कॉम्पीटेन्स स्केल

88. कौन सा रुचि का पहलू नहीं है ?
(1) जानना
(2) अनुभव करना
(3) इच्छा करना
(4) गति करना

89. व्यक्तित्व समायोजन की प्रत्यक्ष विधि है
(1) शोधन
(2) प्रक्षेपण
(3) प्रतिगमन
(4) बाधा-निराकरण

84. According to Terman very superior contain
(1) above 140 I.Q.
(2) 120-125 I.Q.
(3) 110-115 I.Q.
(4) below 110 I.Q.

85. According to Bridges Excitement is the part of
(1) Physical Development
(2) Mental Development
(3) Social Development
(4) Emotional Development

86. Two factor theory of intelligence is given by whom ?
(1) Simon (2) Spearman
(3) Guilford (4) Terman

87. Which is not a method of Attitude measurement ?
(1) Likert Scale
(2) Osgood's semantic differential scale
(3) The Bogardus social distance scale
(4) Emotional competence scale

88. Which is not an aspect of interest ?
(1) Knowing
(2) Feeling
(3) Willing
(4) Movement

89. Direct method of Personality adjustment is
(1) Sublimation
(2) Projection
(3) Regression
(4) Removing hurdle

90. निम्न में से ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च पर्वतीय शिखर कौन सा है ?

(1) माउन्ट ब्रूस

(2) कोसिउस्को

(3) ब्ल्यू माउण्टेन

(4) माउन्ट ओर्ड

91. 'पृथ्वी दिवस' जिस दिन मनाया जाता है, वह है

(1) 5 जून (2) 22 अप्रैल

(3) 22 मार्च (4) 16 दिसम्बर

92. दक्षिण-पश्चिम से चलने वाली स्थायी पवने हैं

(1) दक्षिणी गोलार्द्ध में व्यापारिक पवनें

(2) दक्षिणी गोलार्द्ध में पछुआ पवनें

(3) उत्तरी गोलार्द्ध में पछुआ पवनें

(4) उत्तरी गोलार्द्ध में ध्रुवीय पवनें

93. मल्लका जलडमरूमध्य अलग करता है

(1) सुमात्रा और बोर्नियो को

(2) सुमात्रा और जावा को

(3) मलेशिया और जावा को

(4) मलेशिया और सुमात्रा को

94. कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| | नदी | | सहायक नदी |
|---|---|---|---|
| (1) | मिसीसिपी | – | ओहियो |
| (2) | अमेजन | – | मडेइरा |
| (3) | मरे | – | डार्लिंग |
| (4) | ह्वाँग-हे | – | मिन |

90. Which of the following is the highest mountain peak of Australia ?

(1) Mt. Bruce

(2) Kosciuszko

(3) Blue Mountain

(4) Mt. Ord

91. The 'Earth Day' is observed on

(1) $5^{th}$ June (2) $22^{nd}$ April

(3) $22^{nd}$ March (4) $16^{th}$ December

92. The permanent winds which blows from the South-West are

(1) trade winds in southern hemisphere

(2) westerlies in southern hemisphere

(3) westerlies in northern hemisphere

(4) polar winds in northern hemisphere

93. Strait of Malacca separates

(1) Sumatra and Borneo

(2) Sumatra and Java

(3) Malaysia and Java

(4) Malaysia and Sumatra

94. Which is not a correct match ?

| | **River** | | **Tributary** |
|---|---|---|---|
| (1) | Mississippi | – | Ohio |
| (2) | Amazon | – | Madeira |
| (3) | Murray | – | Darling |
| (4) | Hwang-Hae | – | Min |

95. भारत का अक्षांशीय व देशान्तरीय विस्तार है

(1) 8° 6′ उ. – 37° 4′ उ. व 68° 7′ पू. – 97° 25′ पू.

(2) 8°4′ उ. – 37° 6′ उ. व 68° 7′ पू. – 97° 25′ पू.

(3) 6° 4′ उ. – 37° 6′ उ. व 68° 7′ पू. – 97° 25′ पू.

(4) 6° 4′ उ. – 37° 4′ उ. व 68° 7′ पू. – 97° 25′ पू.

96. निम्न में से कौन सी प्रायद्वीपीय भारत की सर्वोच्च पर्वतीय चोटी है ?

(1) अनाईमुडी (2) नीलगिरी

(3) अमरकण्टक (4) गोमनपुर

97. उत्तर-पूर्वी शीत मानसूनी पवनें किस तट के सहारे वर्षा करती हैं ?

(1) कोंकण तट

(2) कन्नड़ तट

(3) मलाबार तट

(4) कोरोमण्डल तट

98. डियागो गार्सिया द्वीप जहाँ स्थित है, वह है

(1) भूमध्य सागर

(2) दक्षिणी चीन सागर

(3) हिन्द महासागर

(4) अटलाण्टिक महासागर

99. गंगा की सहायक नदी नहीं है

(1) गोमती (2) मानस

(3) घाघरा (4) सोन

100. 'चूलिया' जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?

(1) चंबल (2) माही

(3) कालीसिंध (4) लूनी

95. Latitudinal and Longitudinal extent of India is

(1) 8° 6′ N – 37° 4′ N and 68° 7′ E – 97° 25′ E

(2) 8° 4′ N – 37° 6′ N and 68° 7′ E – 97° 25′ E

(3) 6° 4′ N – 37° 6′ N and 68° 7′ E – 97° 25′ E

(4) 6° 4′ N – 37° 4′ N and 68° 7′ E – 97° 25′ E

96. Which of the following is the highest mountain peak of Peninsular India ?

(1) Anaimudi (2) Nilgiri

(3) Amarkantak (4) Gomanpur

97. The North-Eastern winter monsoon winds cause rainfall along

(1) Konkan coast

(2) Kannad coast

(3) Malabar coast

(4) Coromondal coast

98. Diego Garcia is an island located in the

(1) Mediterranean Sea

(2) South China Sea

(3) Indian Ocean

(4) Atlantic Ocean

99. The river which is not a tributary of Ganga is

(1) Gomati (2) Manas

(3) Ghaghra (4) Son

100. 'Chulia' waterfall is situated on which river ?

(1) Chambal (2) Mahi

(3) Kalisindh (4) Luni

CONFIDENTIAL